खाटू वाला तो रहता है

खाटू वाला तो रहता है, हरदम मेरे साथ
मेरे दिल की ये जाने-2, जाने हर बात

दुनिया वाले मुझे सताते है,
मतलब के रिश्ते बनाते है।
अपना अपना मुझको जो कहते,
आंखों में आंसू दे जाते है।।
मेरा तो साथी बाबा-2, देता है साथ
खाटू वाला तो....

जब जब कोई संकट आता है,
लीले चढ़ कर दौड़ा आता है।
दिल मेरा जब भी घबराता है,
बाबा मुझको गले लगाता है।।
सिर पे मेरे रहता बाबा-2, तेरा ही हाथ
खाटू वाला तो....

धन दौलत की मुझको ना कोई आस,
श्याम नाम धन रहता मेरे पास ।
श्याम नाम है बस मेरी पहचान,
इतना ही "गोपाल" को है विश्वास ।।
मेरी भी बन जाये बाबा-2, बिगड़ी हर बात
खाटू वाला तो....

भजन लेखक:-
गोपाल गोयल "श्याम दिवाना"
(9811845745)

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/2400/title/khatu-vala-to-rehata-hai-har-dum-mere-sath

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |